बड़कोट में छात्र-छात्राओं ने गणित मेले में प्रतिभाग किया

बड़कोट। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में उच्च प्राथमिक स्तर के छात्र-छात्राओं के लिए गणित मेले का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्थान के प्राचार्य संजीव जोशी ने किया।

मेले में राबाइंका बड़कोट, राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय धराली, गंगानी, गैर बनाल ने प्रतिभाग किया। विद्यार्थियों ने विभिन्न स्टॉलों का अवलोकन कर गणित को रोचक एवं सरल तरीके से समझा। इस अवसर पर डीएलएड प्रशिक्षुओं की ओर से संस्थान में स्थापित गणित लैब के टीएलएम की प्रदर्शनी लगाई गई। मेले में पहेलियां, क्विज, मॉडल और रोचक गतिविधियां रहीं, जिनके माध्यम से बच्चों ने आनंद के साथ सीखने का अनुभव प्राप्त किया।

संचालन करते हुए समन्वयक बबीता सजवाण ने बताया कि मेले का उद्देश्य गणित लैब के टीएलएम से परिचित कराना है।

इस मौके पर प्राचार्य संजीव जोशी, डॉ. सुबोध बिष्ट, हेमू बिष्ट, मो. अरशद अंसारी, बृजेश मिश्रा, शांति रतूड़ी, सुशील चंद्र जोशी, टीकाराम, रिचा उपस्थित रहे। संवाद

5:58 AM

जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान
बड़कोट (उत्तरकाशी)
गणित मेला
Maths Fair

MATH
LAB

जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान
बड़कोट (उत्तरकाशी)
गणित मेला